हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार, 26 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

तालाबेड़ा वन महोत्सव में विधायक विक्रम... 12

एचटी की चपेट में आने से एक युवक की मौत,... 12




2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

अपराध : युवक पर मामला दर्ज करके न्यायिक रिमांड में किया पेश

# युवा पीढ़ी इंस्ट्राग्राम के चक्कर में फंसी अश्लील कमेंट, युवक को पड़ा महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- रील बनाने के चक्कर में कई युवक गंवा चुके हैं जान

युवा पीढ़ी पूरी तरह से सोशल मीडिया के गिरफ्त में फंस चुकी है और जीवन का कम से कम एक तिहाई समय सोशल मीडिया में बर्बाद कर रहे, साथ ही युवाओं में विकृति भी पैदा हो रही है। आरोपी युवक के द्वारा युवती के इंस्ट्राग्राम में अश्लील कमेंट कर दिया और युवक को ऐसी हरकत करना मंहगा पड़ा और आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। थाना कांकेर में 24 जुलाई को पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराया था कि 23 जुलाई को दोपहर करीबन 1 बजे अपने मोबाईल फोन के इंस्टाग्राम आईडी को खोल कर देख रही थी, जिसमें लारगांव मरकाटोला निवासी हरीश सोनकर मेरे इंस्टाग्राम के प्रोफाईल फोटो में अश्लील कमेंट करते हुए आरोपी अपने इंस्टाग्राम आईडी से पब्लिक स्टोरी एवं हाई लाईटस में मेरे प्रोफाईल फोटो में अश्लील कमेंट लिखकर लगाया हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 215/2025 धारा 79 बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी मनीष नागर ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के मार्गदर्शन, एएसपी दिनेश सिन्हा एवं एसडीओपी मोहसिन खान के निर्देशन पर आरोपी लारगांव मरकाटोला निवासी 22 वर्षीय हरीश कुमार सोनकर पिता स्व. उदेय सिंह सोनकर को 25 जुलाई को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी हरीश कुमार सोनकर के मोबाईल को जप्त किया गया। पर्याप्त सबूत पाए जाने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।



### कार्यवाही टीम में रहे शामिल

कार्यवाही करने में कांकेर थाना के प्रधान आरक्षक कौशल साहू, दिनेश कुलदीप, आरक्षक मुनेश शोरी, श्रवण ठाकुर, वयंत सरोज, महिला आरक्षक सविता नाग, अंजली गोटा व पेट्रोलिंग टीम की अहम भूमिका रही।

### सोशल प्लेटफार्म से बढ़ रही दिक्कतें

सोशल प्लेटफार्म युवाओं के दिलों दिमाग पर छाया हुआ है। कई युवा रील बनाने के चक्कर में जान गंवा चुके है, वहीं कई युवा इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल प्लेटफार्म में ऐसी हरकते कर देते है, जिससे उनके खिलाफ आईटी एक्ट के तहत कार्यवाही हो जाती है। सोशल मीडिया में युवा वर्ग अपनी कीमती समय बर्बाद करता रहता है और भविष्य को लेकर चिंता भी नहीं करते है। रील के नशे में कई युवा वाटरफॉल एवं अजीबों गरीबों हरकत करने के चक्कर में जान गंवा चुके है। सोशल मीडिया के जाल में हर वर्ग फंसता जा रहा है और यह समस्या अब बढ़ते जा रही है।

# सिकसोड़ जलाशय के जर्जर होने से किसानों को नहीं मिल रहा लाभ, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/अंतागढ़



- विभाग प्रमुख ने कहा कि बजट में जोड़ा गया, फाटक गेट का जल्द होगा काम

सिकसोड़ जलाशय के जर्जर हो जाने के कारण कई गांव के किसानों का लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जलाशय का जब निर्माण हुआ, तब सही ढंग से नहीं किए जाने के कारण किसानों को लाभ नहीं मिल पाया। सिकसोड़ जलाशय को फिर से बनाने की जरूरत है, तभी गाँव के लोगों को लाभ मिलना तय है। विभाग की मानें तो इसके लिए प्रयास शुरू किए गए है। सिकसोड़ के ग्रामीण रामकुमार कोमरा ने बताया कि सिकसोड जलाशय आज से करीब पंद्रह से बीस साल पहले बनाया गया था, उस समय के ठेकेदार और अधिकारियों की लापरवाही के कारण सिकसोड़ जलाशय भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया और उसका परिणाम यह रहा कि तब से आज तक इस क्षेत्र की जनता को इस जलाशय से सिंचाई के लिए एक बूंद पानी नहीं मिल पाया है। स्थानीय स्तर पर कई बार इस मुद्दे को उठाया गया, परंतु किसी ने गंभीरता नहीं दिखाया। जलाशय की आवश्यकता अब लगातार बढ़ते जा रही है और बिना जलाशय के खेतों की सिंचाई हो ▶▶| शेष पेज 10 पर

### बजट में जोड़ा गया, सैल्यूज गेट का जल्द होगी मरम्मत

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र मेश्राम ने बताया कि जिले के कोयलीबेडा विकासखंड में निर्मित सिकसोड तालाब मरम्मत कार्य वार्षिक बजट 2025-26 में सम्मलित है, जिसका सर्वे प्रकलन स्वीकृति के लिए भेजा गया है। किसानो के सतत मांग को देखते हुए स्थानीय स्तर पर फाटक के गेट का मरम्मत कार्य जिला कार्यालय से डीएमएफ मद से 20 जनवरी 2025 को 49.84 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसका निविदा की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, जैसे ही ठेकेदार की नियुक्ति होने पर वर्षा काल के उपरांत कार्य कराकर किसानो को लाभ पहुंचाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हरेली पर गेड़ी और विविध खेलकूद प्रतियोगिताएं हुईं



**कांकेर।** हरेली त्योहार के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत माटवाड़ा लाल में गेड़ी प्रतियोगिता समेत अन्य विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। गेड़ी प्रतियोगिता समेत, बोरा दौड़, चम्मच दौड़, मुर्गा दौड़, स्लो साइकिल रेस, बिस्किट कूद, मटका फोड़ समेत अन्य कई खेलों का आयोजन किया गया और सभी को प्रोत्साहन के लिए पुरस्कार वितरण भी किया गया। ग्राम के उपसरपंच रोशन साहू ने कहा की उद्देश्य सिर्फ एक है एकता, सौहार्द व हमारा पारम्परिक त्यौहार के पहचान को जीवित रखना व हमारे बुज़ोर्गो के समय के पुरातन धरोहरो को समस्त युवा पीढ़ी को अवगत करना। ग्राम पंचायत माटवाड़ा लाल के सरपंच भावेश गोटा, रुपेश्वर कोर्राम, पंच सतयुग कोड़ोपी, शिवदास नेताम, दुर्गेश नेताम, पीयूष सलाम, प्रीतम साहू समेत समस्त ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

### सर्पदंश से युवती की मौत, मर्ग कायम


**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 18 वर्षीय जबा मंडल का सर्पदंश से मौत हो गया। पीव्ही 39 इंद्रप्रस्थ निवासी नरेश मंडल ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी जबा मंडल को साप ने काट लिया था। इलाज के लिए सीएचसी पखांजुर ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# तार बाड़ी के करंट की चपेट में आने से किसान की मौत, पुलिस जाँच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- मृतक सुखराम पोटाई ट्रैक्टर चालक था, आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी

खेत के जंगली जानवर न घूसे कहकर तार बाड़ में विद्युत करेंट लगाने से एक किसान की करेंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। करेंट फैलाने वाले किसान के खिलाफ कार्यवाही किया गया। विवेचना में पाया गया कि 6 जुलाई की सुबह साढ़े 11 बजे मृतक सुखराम पोटाई का ट्रैक्टर ड्राईवर प्रेम सिंह कोरेटी जो सुरज लाल कोर्राम निवासी बोरगांव के खेत में ट्रेक्टर से जोताई काम कर रहा था, जिसे सुखराम पोटाई बताने के लिए गया था कि जोताई काम पूरा होने के बाद हमारे खेत को जोताई करना कहकर सुरज लाल कोर्राम के खेत को देखा रहा था। उसके बाजू में बोरगांव निवासी मंशाराम कोर्राम पिता कुंवर सिंग का भी खेत लगा है, जहां मंशाराम कोर्राम के द्वारा खेत के चारो ओर लोहे के तार से घेरा किया हुआ है। जमीन गीला होने से सुखराम फिसलकर तार में गिरा और उसमें चिपक गया। किसान जोर से चिल्लाया, परंतु मृतक का ड्राईवर प्रेम सिंह कोरेटी देखा कि मृतक लोहे के तार में चिपक गया है। चालक प्रेम सिंह कोरेटी ट्रांसफार्म में लगे ग्रिप को निकालने गया, वापिस आकर देखा तो सुखराम पोटाई अचेत अवस्था में जमीन पर पड़ा हुआ था। उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हो रही थी। चालक ▶▶| शेष पेज 10 पर



# राजा तालाब के सौंदर्यीकरण की तैयारी, कलेक्टर व जिपं अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर नगर के एकमात्र ऐतिहासिक तालाब राजा तालाब के सौंदर्यीकरण को लेकर कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिह राठौर ने जुलाई को निरीक्षण किया। कलेक्टर ने प्रस्ताव बनाने के लिए निर्देशि किया। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ने कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों को सौंदर्यीकरण से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों के बारे में चर्चा किया। सौंदर्यीकरण के तहत तालाब का गहरीकरण, गार्डनिंग, लाइटिंग और बोटिंग कार्य शामिल है, जिसकी लागत लगभग 3 करोड़ रूपएं आएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रस्तावित योजना के अंतर्गत तालाब को न केवल स्वच्छ और गहरा बनाया ▶▶| शेष पेज 10 पर






# लाखों की धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



निजी कंपनी में कंपनी के पूर्व कर्मचारी द्वारा लाखो के धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में जांच जारी है और अन्य लोगो के भी संलिप्त होने की जानकारी मिलने पर पुलिस उनकी तालाश में जुट गई है। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड शाखा पखांजुर के शाखा प्रबंधक ने 23 जुलाई को थाना पखांजुर में शिकायत दर्ज कराया कि उनके संस्थान के पूर्व कर्मचारी प्रसन्नजीत बाला उर्फ मिलन पिता भावेश बाला सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत था, जिसका दायित्व ऋण प्राप्त ग्राहकों से मासिक किश्तें एवं समापन राशि वसूल कर कंपनी में जमा करना था। आरोपी के खिलाफ गंभीर आर्थिक अनियमितताओं और धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराने पर अपराध क्रमांक 107/2025 धारा 318(4), 316 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। जांच में यह सामने आया कि आरोपी द्वारा कुल 54 ग्राहकों से 32 लाख 44 हजार 270 रूपएं की राशि वसूल की गई, जिसमें से मात्र 14 लाख 21 हजार 851 रूपएं ही कंपनी में जमा की गई एवं शेष 18 लाख 22 हजार 419 रूपएं की राशि को आरोपी द्वारा गबन किया गया। आरोपी द्वारा कई ग्राहकों को फर्जी रसीदें देकर गुमराह किया गया ▶▶| शेष पेज 10 पर

### स्वास्थ्य खराब होने से युवती की मौत

**कांकेर।** कोयलिबेड़ा थानांतर्गत 20 वर्षीय उमेश्वरी दुग्गा का तबियत खराब होने के कारण 21 जुलाई को मौत हो गया। सीएचसी कोयलिबेड़ा के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका का तबियत रात को अचानक खराब हो गया। सीएचसी में इलाज के लिए लाया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

स्वच्छ भारत अभियान नाम के लिए, घरों का कचरा नालियों में

# रिक्शा खराब होने से डोर-टू-डोर संग्रहण ठप, नगर की सफाई व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

- निकासी की समस्या बढ़ी, गंदगी और बदबू ने किया बेहाल




नगर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाए जा रहे डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण अभियान की स्थिति बद से बत्तर होती जा रही है, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। शहर का हर नागरिक अब परेशान हो रहा है। नगर पंचायत के 15 वार्डों में कचरा उठाने के लिए उपलब्ध 10 ई-रिक्शा उपलब्ध थे, अब हालत यह है कि इसमें से 8 गाड़ियां खराब होकर कबाड़ बन चुकी हैं। नगर पंचायत में केवल 2 ई-रिक्शा है, जो विगत एक माह से डगमगा रहे है, ऐसी परिस्थितियों के चलते नगर का डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण पूरी तरह ठप्प हो गया है। वर्तमान में इन सभी 15 वार्डों के लिए केवल एक ही मिनी टिप्पर उपलब्ध है, जिसके कारण घरों से कचरा उठाने में 5 से 6 दिन का लंबा अंतराल लग रहा है। ऐसा होने के चलते नगरवासी बेहद परेशान हो रही है। इस देरी का सीधा परिणाम यह है कि घरों में रखा गीला कचरा सड़ने लगता है और असहनीय बदबू पैदा करता है। वार्डवासी मजबूरीवश अपने घरों का कचरा जल निकासी नालियों में या आसपास फेंकने को मजबूर हैं, जिससे पूरे शहर में गंदगी फैल रही है और स्वच्छ भारत अभियान का मूल उद्देश्य ही धूमिल हो रहा है।

### स्वच्छता अभियान वेंटीलेटर पर

क्रांतिकारी विचार मंच के अध्यक्ष हरपाल सिंह ने इस गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभियान वेंटिलेटर पर है और यदि जल्द से जल्द इस मामले में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और भी भयावह हो सकती है। लोग कचरे के ढेर और बदबू से परेशान हैं और मजबूरन अनुपयुक्त स्थानों पर कचरा फेंकने को विवश हैं। नगर पंचायत प्रबंधन से माँग है कि जल्द से जल्द समस्या का निराकरण किया जाएं।

### शासन से परमिशन माँगा गया

नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील कुमार जैन का कहना है कि दो गाड़ी को सुधारा गया है और 3 गाड़ी नया लाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। शासन से परमीशन मिलते ही नए वाहन लाकर व्यवस्था में सुधार लाने का प्रयास किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### बाबाधाम के लिए रवाना हुआ श्रद्धालुओं का दल

**जगदलपुर।** जगदलपुर से बाबाधाम के लिए शुक्रवार को श्रद्धालुओं का दल रवाना हुआ। इस दल में 60 से अधिक श्रद्धालु रवाना हुए, जिसमें महिला, पुरुष, बच्चे व वृद्ध जन शामिल है। रेलवे स्टेशन में सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पाण्डे, नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा ने श्रद्धालुओं को पुष्पमाला पहनाकर व मुंह मीठा कराकर रवाना किया। रेलवे स्टेशन बोल बम के जयकारे से गूंज उठा। 3 अगस्त को श्रद्धालुओं का दल वापस लौटेगा।

### मुकेश को समर्पित होगा तारीखों के आईने में 16वीं कड़ी

**जगदलपुर।** प्रतिमाह प्रसारित फेसबुक लाईव कार्यक्रम तारीखों के आईने में की 16 वीं कड़ी 26 जुलाई को शाम 7:30 बजे प्रसारित होगी। कार्यक्रम के संचालक अभय मधुकर सामदेकर ने बताया की प्रतिमाह जन्मदिन विशेष कलाकारों के गीतो पर आधारित इस माह का प्रसारण स्वर्गीय मुकेश,सोनू निगम एवं संगीतकार हिमेश रेशमिया पर आधारित होगा। समूह के 10 कलाकार डॉ ज्योति लागू,आभा सामदेकर,वंदना राठौर,नंदा कलकोटवार, पी किरण, संजीव पचौरी,आदित्य मोघे,प्रवीण द्विवेदी,अरुण सरदार एवं विजय सारथी कुल 20 गीतो की प्रस्तुति देंगे।

### विवि एवं महाविद्यालयों में सीधे प्रवेश 31 जुलाई तक

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के धरमपुरा-2 स्थित मुख्य कैंपस एवं सम्बद्ध सभी महाविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर के प्रथम सेमेस्टर में रिक्त सीटों पर पात्र विद्यार्थियों को गुणानुक्रम के आधार पर 31 जुलाई तक सीधे प्रवेश दिया जाएगा। एलएलएम और एम लिब को छोड़कर सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी विवि के अध्ययनशालाओं(एसओएस-स्कूल ऑफ स्टडीज) और बस्तर संभाग के सभी महाविद्यालयों में संपर्क कर सकते हैं। शमक विवि के मुख्य परिसर में संचालित कई पाठ्यक्रमों में सीटें रिक्त हैं। विवि में विभिन्न विषयों में आर्ट्स,साइंस, मैथ, लाइफ साइंस के विषयों में बी ए, बीएससी, बीकॉम, बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंस के स्नातक कार्स हैं। स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों में विभिन्न विषयों में एमए, एमएससी साइंस, लाइफ साइंस व गणित, एमबीए, के कोर्स के लिए भी ऑनलाइन किए जा सकते हैं। विवि मुख्य कैंपस में समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, भूगोल, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, हिंदी साहित्य, अंग्रेजी लिटरेचर, भौतिकी, रसायन, गणित, सांख्यिकी, वनस्पति शास्त्र, जैव प्रोद्योगिकी, सूक्ष्मजीव विज्ञान, मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययन, वानिकी एवं वन्य जीव, भू विज्ञान, प्राणी विज्ञान, ग्रामीण प्रौद्यागिकी विषयों में स्नातकोत्तर कोर्स में प्रवेश हेतु सीटें रिक्त हैं।

### संयुक्त संचालक शिक्षा ने किया स्कूल का निरीक्षण

**जगदलपुर।** आज संयुक्त संचालक शिक्षा राकेश पाण्डेया ने शासकीय प्राथमिक शाला बुटगुड़ा विकासखंड बस्तर का निरीक्षण प्रातः 9.55 बजे किया । निरीक्षण के दौरान 3 छात्राएं कु० ललेश्वरी पटेल, कक्षा-5वीं, कु० सजनी कश्यप, कक्षा-पाचवी और कु० नोही कोर्राम कक्षा-चौथी उपस्थित रहे। शिक्षक शालेय समय पर उपस्थित नहीं थे। सहायक शिक्षक पिताम्बर साहू 10.05 बजे शाला पहुंचे । समय पर शाला न खुलना, ताला लगा रहना, प्रांगण की साफ-सफाई आदि कार्य के लचर व्यवस्था को देखते हुए सुशील तिवारी एबीईओ एवं अजम्बर कोर्राम बीआरसी को तत्काल शाला में उपस्थित करवाया गया। एबीईओ ने अवगत कराया कि इस संस्था में आवेदन पत्र पूर्व से हस्ताक्षरित कर तैयार रखा जाता है । वे स्वयं इसी प्रकार के आवेदन पत्र को इसके पूर्व भी नष्ट किये हैं। बीआरसी ने पिछले 14 जुलाई को उपस्थित होकर निर्देशित किया था कि प्रांगण साफ-सफाई एवं नियमितता पर ध्यान दें। किन्तु शिक्षकों ने ध्यान नहीं दिया। आवेदन पत्र का अनवेरिफाईड भंडार है। मनमर्जी से अवकाश लेना, उपस्थिति पंजी में आकस्मिक अवकाश के पर हस्ताक्षर करना यह सब स्पष्ट दिखाई दे रहा है।

# मोटरसाइकिल चोरी कर फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर बेचने वाला गैंग पकड़ाया

## आरटीओ नंबर प्लेट और फर्जी आरसी बुक से जुड़ी साजिश का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा/गीदम

- जांच के दौरान बाइक में मिला कार का नंबर तीन गिरफ्तार
- दो बुलेट दो स्पलेंडर एक पल्सर बरामद बरामद



मोटरसाइकिल चोरी करके उसके फर्जी दस्तावेज तैयार करके वाहन बेचने वाले गैंग जिले में अपराधों की रोकथाम एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर व आर के बर्मन के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी गोविन्द दीवान के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय पटेल के नेतृत्व में कार्रवाई की जा रही है। 24 जुलाई को एमसीपी कार्रवाई के दौरान वाहन चेकिंग के समय एक संदिग्ध दोपहिया वाहन को रोकने पर वाहन चालक के पास दस्तावेज नहीं पाए गए। जांच में पाया गया कि वाहन पर दर्ज पंजीयन नंबर एक कार से संबंधित है। गुलशन नाहटा निवासी गीदम को थाने लाकर पूछताछ करने पर उसने वाहन चोरी का होना स्वीकार किया और गीदम स्थित अपने गैरेज के पीछे छिपाकर रखे गए अन्य चोरी के वाहनों की जानकारी दी। उसने खुलासा किया कि वह एक मोटरसाइकिल गैरेज चलाता है। हैदराबाद से चोरी की गई दुपहिया वाहन जिनमें स्पलेंडर, बुलेट एवं पल्सर शामिल हैं, को गीदम लाकर अपने अन्य साथियों की मदद से फर्जी दस्तावेज और नंबर प्लेट के माध्यम से बिक्री का प्रयास कर रहा था। उसने यह भी बताया कि वह यह कार्य कैलाश निषाद निवासी जगदलपुर और रिज्जू के जे निवासी गीदम के साथ मिलकर करता था, जो फर्जी आरसी बुक तैयार कर वाहनों को बेचने में संलिप्त थे। आरोपी की निशानदेही पर पांच दोपहिया वाहन, दो बुलेट, दो स्पलेंडर, एक पल्सर बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कुल कीमत 7,50,000 है। बरामद वाहनों के नंबर प्लेट और दस्तावेजों की पुष्टि पर पाया गया कि ये वाहन फर्जी नंबरों के साथ उपयोग किए जा रहे थे। उक्त प्रकरण में इस्तेमाल किए गए प्रिंटर तथा अन्य सामग्री भी बरामद किए गए हैं।

### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

इस मामले में थाना गीदम में अपराध क्रमांक 73/2025 धारा 303(2), 317(2), 336(2), 340(2), 345(2)(3), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। 3 आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय दंतेवाड़ा में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में उनि शशिकांत यादव, सउनि संतोष यादव, सउनि प्रशांत सिंह, प्रआर राजकुमार सिंह, प्रआर मनोज भारद्वाज, आर केशव पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बैठक: कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने दिए निष्पक्ष आयोजन के निर्देश

# व्यापम परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, नकल रोकने मेटल डिटेक्टर और जैमर का होगा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव



- कोंडागांव में व्यापम परीक्षाओं की तैयारी शुरू

कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में व्यापम द्वारा आयोजित आगामी परीक्षाओं के सफल, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने भी परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि परीक्षाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता या नकल की शिकायत नहीं आनी चाहिए।

इसके लिए केंद्रों पर हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर, मोबाइल जैमर सहित सभी आवश्यक सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र में प्रभारी अधिकारी, आब्जर्वर एवं उड़नदस्ता दल समय पर उपस्थित रहें और पुलिस विभाग के साथ समन्वय में कार्य करें। साथ ही उन्होंने इस दौरान सतर्कता और सजग रहने पर जोर देते हुए कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी व्यापम द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन करें तथा अपनी जिम्मेदारियों का पूर्णतः निर्वहन करें, ताकि परीक्षा का संचालन पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।

**27 को होगी परीक्षा :** नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा ने बताया कि आगामी 27 जुलाई 2025 को व्यापम द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए जिले में 18 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं जिसमें 4620 अभ्यर्थी शामिल होंगे। नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया कि परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पूर्व सभी अभ्यर्थियों की हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर एवं शारीरिक तलाशी की जाएगी।

**हर परीक्षा केंद्र में लगेगा जैमर:** परीक्षा केन्द्रों में जैमर भी लगाया जाएगा ताकि केंद्र के आस पास संचार यंत्रों को निक्रिरय किया जा सके। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ फोटोयुक्त पहचान पत्र की मूल प्रति अनिवार्य रूप से लानी होगी। मान्य पहचान पत्रें में आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और मतदाता पहचान पत्र शामिल हैं। किसी भी प्रकार की छायाप्रति या डिजिटल दस्तावेज मान्य नहीं होंगे। परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बाँह वाले कपड़े पहनने होंगे। फुल स्लीव शर्ट, कोट, जैकेट, और अन्य ओवरगामेंट्र्स पर रोक लगाई गई है। साथ ही, केवल फ्लैट चप्पल या सैंडल की अनुमति होगी। जूते, मोजे, बेल्ट और टोपी निषिद्ध हैं। कानों में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनने की अनुमति नहीं है।

### इन पर लगेगा प्रतिबंध

परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच, पर्स, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी, पाउच साथ ही किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या संचार साधन प्रतिबंधित होंगी।

### 2 घंटे पहले पहुंचे परीक्षार्थी

परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में कम से कम 2 घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य किया गया है, ताकि जांच प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न की जा सके। परीक्षा केंद्र में 10:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा के प्रारंभिक 30 मिनट और अंतिम 30 मिनट के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। इससे प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिका की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

## माकड़ी थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण, बेहतर पुलिसिंग के लिए दिए दिशा-निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

एसडीओपी रूपेश कुमार ने थाना माकड़ी का द्वितीय अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत माह जुलाई में प्रस्तावित था। निरीक्षण के दौरान रूपेश कुमार ने थाना भवन, रिकॉर्ड रजिस्टर, सीसीटीएनएस प्रणाली, मालखाना, शस्त्रागार, सीसीटीवी फुटेज सहित संपूर्ण अभिलेखों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने रिकार्ड के रख–रखाव, कार्यालयीन व्यवस्था, मालखाने में जप्त सामग्री के उचित प्रबंधन सहित साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान, तथा प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई और इनके शीघ्र व प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। अधिकारी ने सभी कर्मचारियों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने वर्तमान कानून व्यवस्था और सामाजिक परिवेश को ध्यान में रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। थाना परिसर के निरीक्षण के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के लिए विशेष दिशा–निर्देश जारी किए गए। निरीक्षण के समय थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बैंकर्स को मिला 'बिहान' का प्रशिक्षण, स्व-सहायता समूहों को ऋण देने की प्रक्रिया समझाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव




कोंडागांव जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैंकर्स प्रशिक्षण सह कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने की। कार्यशाला में नेशनल रिसोर्स पर्सन कोटागिरी श्रीनिवास राव और अशोक कुमार पीई एफआई ने बैंकर्स को महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया। इस कार्यशाला में जिले के समस्त बैंक शाखा प्रबंधक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के जिला मिशन प्रबंधक, विकासखंड परियोजना प्रबंधक, क्षेत्रीय समन्वयक, पीआरपी समेत विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला में स्व–सहायता समूहों को ऋण प्रदान करने की प्रक्रिया, ऑनलाइन ऋण आवेदन प्रणाली तथा समुदाय आधारित ऋण वसूली तंत्र के गठन की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में आरएफसीआईएफ, बैंक लिंकेज, बीमा योजनाएं, पेंशन, मुद्रा लोन, दोहरी प्रमाणीकरण प्रणाली, और बीसी सखी की भूमिका जैसे विषयों पर प्रेजेंटेशन दिया गया। बैंक प्रबंधकों को महिला स्व–सहायता समूहों को ऋण प्रदान करने की प्रक्रिया में मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही, वित्तीय समावेशन को मजबूत करने के लिए आवश्यक उपायों पर चर्चा की गई। कार्यशाला में बिहान मिशन के उद्देश्य, इसके सामाजिक–आर्थिक महत्व और स्थानीय स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीतियों पर भी विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम से बैंक अधिकारियों को वित्तीय समावेशन, डिजिटल सेवाओं और समुदाय उन्मुख बैंकिंग की ओर कार्य करने की दिशा में स्पष्ट मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

## विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए मेगा आकलन शिविर 29 जुलाई से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव



जिले में समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के चिन्हांकन, आवश्यक उपकरण वितरण, उपचार एवं प्रमाणीकरण के लिए आंकलन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी व्यापक स्तर पर किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत 29 जुलाई को कोण्डागांव विकासखण्ड के बीआरसी कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय मेगा आंकलन शिविर से होगी। इस शिविर में जिलेभर के बच्चों की स्क्रीनिंग, पहचान और चिकित्सकीय मूल्यांकन किया जाएगा।

जिले के विभिन्न विकासखंडों में आंकलन शिविर निम्नानुसार आयोजित किए जाएंगे, 04 अगस्त फरसगांव बीआरसी कार्यालय, 05 अगस्त केशकाल बीआरसी कार्यालय, 06 अगस्त बड़ेराजपुर बीआरसी कार्यालय, 12 अगस्त माकड़ी बीआरसी कार्यालय सभी शिविरों का समय सुबह 9:00 बजे से निर्धारित किया गया है। इन शिविरों के माध्यम से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान कर उन्हें सहायक उपकरण, चिकित्सकीय परामर्श, उपचार की दिशा, तथा प्रमाण–पत्र जारी करने की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।

समावेशी शिक्षा के उद्देश्य

यह शिविर राष्ट्रीय शिक्षा नीति और समावेशी शिक्षा की भावना के अनुरूप, सभी बच्चों को समान अवसर प्रदान करने और शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे हैं। जिला शिक्षा विभाग ने संबंधित विकासखंडों के समन्वयकों, विद्यालयों, शिक्षकों और अभिभावकों से अपील की है कि वे इस आयोजन में भाग लेकर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अधिकारों और समावेशी विकास में सहयोग करें।

# टिफिन बम के साथ 4 नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंटा

थाना जगरगुण्डा क्षेत्रान्तर्गत सक्रिय एरिया कमेटी के 4 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। सभी नक्सली 29 जून को कैम्प बेदरे के सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने आईईडी प्लांट करने की घटना में शामिल रहे। इनके पास से एक टिफिन बम बरामद किया गया है। मिली जानकारी अनुसार गिरफ्तार नक्सलियों के विरूद्ध पूर्व से थाना जगरगुण्डा में संगीन मामले के प्रकरण पंजीबद्ध है। सभी नक्सली थाना जगरगुण्डा क्षेत्र के ग्राम बोड़नगुड़ा के निवासी है। इनकों गिरफ्तार करने में थाना जगरगुण्डा का बल एवं कैम्प बेदरे 165 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त टीम रवाना हुई थी। इस दौरान ग्राम बोड़नगुड़ा बेदरे को घेराबंदी कर जगरगुण्डा एरिया कमेटी के सक्रिय 4 नक्सली तामु जोगा पिता तामु सुकलू , मिलिशिया सदस्य पुनेम बुधरा पिता स्व. पुनेम आयतु, मड़कम भीमा पिता मड़कम जोगा एवं मिड़यिम आयतु पिता मिडियम पोदिया मिलिशिया सदस्य को पकड़ा गया। सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्लांट करने की घटना में शामिल रहे है। आरोपियों को दंतेवाड़ा न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

### घर की बाड़ी बना रहे युवक की करंट से मौत

**नकुलनार।** कुआकोंडा थाना क्षेत्र में नकुलनार गांव में 11 केवी हाईवोल्टेज लाइन से करंट उतरने से युवक की मौत हो गयी। दरअसल नकुलनार कुआकोंडा के बीच से गुजरने वाली 11 केवी हाई वोल्टेज लाइन के नजदीक धर्मेंद्र कुमार पासवान के मकान में यह हादसा हुआ।धर्मेंद्र के छोटे भाई महेंद्र कुमार पासवान बारिश के बीच में गुरुवार शाम घर की बाड़ी बनाने का काम कर रहे थे। बारिश की वजह से लगातार बिजली भी चमक रही थी। अचानक उसी दौरान महेंद्र 11 केवी लाइन से करंट लगने से हादसा हो गया। घर वाले जल्द नजदीकी अस्पताल कुआकोंडा लेकर पहुँचे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## पेज 9 के शेष

### सिकसोड़ जलाशय के...

पाना संभव नही है, इसलिए ग्रामीण सिकसोड़ जलाशय के जीणोद्वार करने के लिए जल संसाधन विभाग अंतागढ़ के कई चक्कर लगा चुके है, परंतु आज तक कोई सकारात्मक परिणाम नहीं मिल पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि पुराने जो भी सामान लग है, वो पूरी तरह से जर्जर हो चुके है, इस जलाशय को फिर से जीणोद्वार करने की जरूरत है। सिकसोड एवं आसा-पास के रजिस्टेंस किसान उनको इसका पानी मिला ही नहीं जब से निर्माण हुआ है जलाशय गेट में एक मात्र टूट फुटकर क्षतिग्रस्त है, ऐसे में किसान केनाल नाली बनने की उम्मीद कैसे करें।

### तार बाड़ी के...

के द्वारा मृतक के खेत लाड़ी में उसके नाती राहुल वट्टी एवं दामाद पूरन वटटी को बताया। उन्होने आकर देखा और जो खेत के आसपास काम करने वाले आवाज देकर बुलाए। गांव के लोगो के द्वारा वाहन व्यवस्था कर मृतक सुखनाम पोटाई को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने सुखराम पोटाई का मौत होने का पुष्टि किया। किसान मंशाराम कोर्राम पिता कुंवर सिंग द्वारा जान बुझकर लापरवाही पूर्वक अपने खेत में थ्री फेश करंट लगाया था। आरोपी किसान ने अपने खेत के जंगली जानवर न आए कहकर तार बाड़ में विद्युत करंट लगाकर उपेक्षा पूर्वक कार्य किया, जिसके चपेट में आने से किसान सुखराम पोटाई का मौत होना पाए जाने से प्रथम दृष्टया अपराध धारा 106 (1) बीएनएस पाये जाने से अपराध पंजीबद्व किया गया।

### राजा तालाब के...

जाएगा, बल्कि उसकी परिधि में आकर्षक उद्यान, रोशनी और मनोरंजन की सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इससे यह स्थल न केवल स्थानीय निवासियों के लिए एक सुंदर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा, बल्कि नगर के सौंदर्य और पहचान में भी वृद्धि करेगा। नगरवासियों को उम्मीद है कि प्रस्ताव को शीघ्र ही स्वीकृति मिलकर कार्य प्रारंभ होगा, जिससे राजा तालाब की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता को नया जीवन मिलेगा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम, नगर पंचायत के अधिकारी के अलावा पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, नरेंद्र शर्मा एवं सचिन दुबे भी उपस्थित रहे।

### लाखों की धोखाधड़ी...

तथा वित्तीय संस्था के साथ विश्वासघात किया गया। दस्तावेजों, ग्राहकों के बयानों और डिजिटल लेन-देन के साक्ष्यों के आधार पर यह धोखाधड़ी सिद्ध हुई। आरोपी पीव्ही 126 निवासी प्रसन्नजीत बाला पिता भावेश बाला को थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण केवट के नेतृत्व में थाना पखांजुर पुलिस टीम द्वारा 24 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना जारी है। इस आर्थिक धोखाधड़ी में कुछ और लोगों के शामिल होने की संभावना है, जिसकी पुष्टि होते ही शीघ्र ही दोषियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## नए कानूनों और नशामुक्ति के संबंध में किया गया जागरुक

# आत्मानंद स्कूल में छात्रों को दी गई साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव



- माकड़ी में पुलिस ने चलित थाना लगाकर दी कानून व सुरक्षा संबंधी जानकारी
- नवीन आपराधिक कानून, सायबर अपराध, महिला सुरक्षा, यातायात नियमों और नशामुक्ति पर किया गया जागरुकता कार्यक्रम

पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल तथा अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में माकड़ी थाना क्षेत्र में लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 25 जुलाई 2025 को स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल माकड़ी में एकदिवसीय चलित थाना का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी रूपेश कुमार एवं थाना प्रभारी निरीक्षक विकास बघेल की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं और शिक्षकों को निम्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। भारत सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नवीन आपराधिक कानूनों की विशेषताएं। सायबर अपराध और उससे बचाव के उपाय, महिला एवं बाल सुरक्षा संबंधी कानून, यातायात नियमों का महत्व और पालन, नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत नशीली दवाओं से होने वाले खतरों पर प्रकाश, कानून जागरूकता से सुरक्षा को मिलेगा बल, पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि कानून की जानकारी रखना ही आत्मसुरक्षा की पहली सीढ़ी है। छात्रें को सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया।

### शिक्षकों ने की पहल की सराहना

विद्यालय के समस्त शिक्षकगण इस अवसर पर उपस्थित रहे और पुलिस विभाग द्वारा उठाए गए इस सकारात्मक एवं शिक्षाप्रद कदम की सराहना की। जिला पुलिस द्वारा ऐसे जागरूकता अभियान आगे भी चलाए जाएंगे, जिससे युवाओं में कानून के प्रति सम्मान और सुरक्षा के प्रति चेतना विकसित की जा सके।

**खबर संक्षेप**

### किसान हित को लेकर बंद केनाल चालू करने की मांग

**कोंटा।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम ने छिन्दगढ ब्लाक के ग्राम मारीपारा से होकर लसकेपारा छिन्दगढ बालाटिकरा तक बनी वाटर केनाल जो कि वर्तमान में बन्द है इसे पुनः चालू करने की मांग कलेक्टर से किया है। महेश कुंजाम ने कहा कि केनाल अगर चालू होगा तो क्षेत्र के किसानों को बड़ी लाभ होगा इसलिए केनाल को पुनः चालू करने जिला प्रशासन को अवगत कराया गया है। सुकमा कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने मांग को किसान हित कहते हुए इसकी जांच कराने और आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



### समापन शिविर का आयोजन 31 जुलाई को तोंगपाल में

**सुकमा।** मुख्यमंत्री सचिवालय प्राप्त निर्देशानुसार सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा अनेक ग्रामों में औचक भ्रमण और निरीक्षण किया गया था, साथ ही राज्य के अनेक समाधान शिविरों में भी वे सम्मिलित हुए थे। मुख्यमंत्री द्वारा भ्रमण किये गये ग्रामों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान करने हेतु उक्त ग्रामों में शिविर आयोजित करने हेतु निर्देश जारी किया गया है। सुशासन तिहार अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 30 मई को ग्राम पंचायत तोंगपाल में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए थे। शासन से प्राप्त निर्देश के परिपालन में 31 जुलाई को ग्राम पंचायत-तोंगपाल, विकासखण्ड-छिन्दगढ़ अंतर्गत समापन शिविर का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्तानुसार आयोजित सुशासन तिहार के समापन शिविर के आयोजन एवं सफल क्रियान्वयन हेतु प्रताप विजय खेस्स, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) छिन्दगढ़ को नोडल अधिकारी एवं पीके गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत छिन्दगढ़ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के द्वारा शिविर में प्राप्त आवेदन पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण की समीक्षा करने एवं जानकारी एकत्र करने के लिए डिप्टी कलेक्टर रविशंकर वर्मा को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### पोड़ेम आयाम नट्टा बनी बहु भाषा शिक्षण का माध्यम

बीजापुर। नई शिक्षा नीति अंतर्गत स्कूलों में बहु भाषा शिक्षण के जरिए पढ़ाई की गतिविधियां संचालित करने को लेकर बीजापुर जिले में कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में पोड़ेम आयाम नट्टा तैयार किया जा रहा है जिसके माध्यम से कक्षाओं की दीवारों को गोंडी भाषा बोली में चित्रों के साथ पढ़ाई का माध्यम बनाया गया है। इस कक्ष का शुभारंभ कलेक्टर संबित मिश्रा ने जांगला में संचालित पोटा केबिन में किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कक्ष का अवलोकन कर दीवारों में तैयार की गई स्थानीय भाषा बोली में तैयार की गई बाला पेंटिंग के गतिविधियों पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की। स्थानीय भाषा बोली में बाला कक्ष तैयार करने वाले शिक्षार्थ ट्रस्ट के तकनीकी सहयोगी मोहित देव एव सुमन जैन ने प्रत्येक दीवार पर बनाई गई गतिविधियों की जानकारी कलेक्टर को दी। बाला कक्ष में चार दीवार बनाए गए है जिसमें एक दीवार गणितीय अवधारणाओं को विकसित करने, दूसरी और तीसरी दीवार भाषा शिक्षण को सरल तरीके से सिखने की अवधारणा पर आधारित है और चैथी दीवार बाल केंद्रित प्रयोगात्मक मॉडल के रूप में तैयार किया गया है।

**निधन**

### बिसरु राम वर्मा

**जगदलपुर।** बस्तर जिला पत्रकार संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष संतोष वर्मा के पिता बिसरु राम वर्मा 73 वर्ष का आज सुबह महारानी अस्पताल में निधन हो गया। तबियत खराब होने से उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उन्होंने अंतिम सास ली। उन्हें एंबुलेंस से रायपुर ले जाया गया। कल 26 जुलाई को रायपुर जिला के ग्राम छतौद मे अंतिम संस्कार होगा। वे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# सुकमा को 7.40 लाख पौधारोपण का लक्ष्य, अब तक 4.33 लाख क्लोनल नीलगिरी रोपे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा





वन विभाग की महत्वाकांक्षी योजना किसान वृक्ष मित्र योजना के अंतर्गत इस वर्ष सुकमा जिले में कुल 7,40,484 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें से 7,39,484 पौधे क्लोनल नीलगिरी यूकेलिप्टस प्रजाति के हैं, जिन्हें किसानों द्वारा अपनी निजी भूमि पर लगाया जाना है। योजना के तहत अब तक लगभग 4.33 लाख क्लोनल नीलगिरी पौधे किसानों द्वारा लगाए जा चुके हैं। विगत कुछ दिनों से जिले में हुई अच्छी वर्षा के चलते रोपण कार्य में तेजी आई है और कृषकों की भागीदारी में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है। किसान वृक्ष मित्र योजना छत्तीसगढ़ शासन के वन विभाग द्वारा संचालित एक प्रमुख एग्रो-फॉरेस्ट्री योजना है, जिसका उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना, खेतों की अनुपयोगी भूमि का सदुपयोग करना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करना है। जिले के प्रभारी मंत्री एवं वनमंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में इस योजना के अंतर्गत किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले क्लोनल नीलगिरी के पौधे निःशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। विशेष रूप से सुकमा जिले में इन पौधों की आपूर्ति आईटीसी भद्राचलम द्वारा की जा रही है, जो इस क्षेत्र में नीलगिरी की विश्वसनीय क्लोनल किस्में तैयार करता है।

इसके अतिरिक्त, गड्ढा खुदाई, पौधरोपण तकनीक, देखरेख तथा अन्य तकनीकी मार्गदर्शन भी वन विभाग द्वारा किसानों को प्रदान किया जा रहा है। क्लोनल नीलगिरी के पौधे शीघ्र वृद्धि करने वाले होते हैं तथा 4 से 5 वर्षों में परिपक्व होकर अच्छी गुणवत्ता की लकड़ी प्रदान करते हैं, जिसे उद्योगों को बेचकर किसान अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार यह योजना खेती के साथ-साथ वृक्षारोपण को बढ़ावा देकर किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करती है।

वन मंडलाधिकारी सुकमा अक्षय भोंसले ने जिले के समस्त किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस लाभकारी योजना से जुड़ें और अपने खाली पड़ी जमीन और खेतों में वृक्षारोपण करें। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाने में सहायक है, बल्कि पर्यावरण के संरक्षण में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। इच्छुक किसान अपने क्षेत्रीय वन परिक्षेत्र कार्यालय अथवा स्थानीय वन प्रबंधन समिति से संपर्क कर योजना में पंजीयन कर पौधे प्राप्त कर सकते हैं।

# बाजार स्थल पर रहा अनुशासन और सुरक्षा का कड़ा पहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर/भोण्ड



हरेली पर्व के अवसर पर गुरुवार को बस्तर नगर पंचायत अंतर्गत आयोजित साप्ताहिक बाजार में उमड़ी भारी भीड़ के बीच थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े ने बेहद तत्परता से कार्य करते हुए भीड़ नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बस्तर थाना के स्टाफ तथा नगर पंचायत के कर्मचारियों के समन्वित

■ लापरवाह चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई

प्रयास से बाजार में अनुशासन एवं सुरक्षा सुनिश्चित की गई। नेशनल हाईवे के पास स्टॉपर लगाकर बस्तर चौक की ओर आने-जाने वाले लोगों को सही मार्गदर्शन दिया गया। थाना प्रभारी स्वयं बाजार स्थल पर मौजूद रहकर स्टाफ के साथ मिलकर देर शाम तक भीड़ नियंत्रण में लगे रहे। तेज़ रफ्तार वाहनों पर निगरानी रखते हुए कुछ लापरवाह चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। बाजार स्थल के भीतर दोपहिया व चारपहिया वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया, जिससे पैदल चलने वाले यात्रियों को राहत मिली।

### उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई

तीन सवारी वाले वाहन, गलत दिशा में चलने वाले चालक और तेज़ रफ्तार से चलने वाले वाहनों पर चालान की प्रक्रिया की गई। इससे बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था चुस्त बनी रही और किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई।

### बस्तर हाट की विशेषता

ज्ञात हो कि बस्तर हाट क्षेत्र का प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक साप्ताहिक बाजार है, जहां न केवल स्थानीय लोग बल्कि दूसरे जिलों से भी ग्रामीण व्यापारी दुर्लभ व पारंपरिक सामग्रियाँ बेचने आते हैं। हरेली जैसे पारंपरिक त्यौहार पर यह बाजार विशेष रूप से भीड़भाड़ वाला होता है।

थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े ने बताया कि बाजार स्थल नेशनल हाईवे से लगा होने के कारण यहां भीड़ नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। हरेली पर्व पर सुबह से भारी भीड़ उमड़ रही थी, जिससे आम नागरिकों को परेशानी हो सकती थी। हमने तत्काल व्यवस्था लागू कर स्थिति को नियंत्रित किया।

# जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में वृक्षों का अहम योगदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

195 बटालियन सीआरपीएफ मुख्यालय बारसूर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का शुभारंभ कमांडेंट राजीव कुमार ने किया। उन्होंने फलदार वृक्ष लगाकर इस महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की। वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण के लिए आवश्यक है, बल्कि यह मानव जीवन के लिए भी महत्वपूर्ण है। पर्यावरण शुद्ध करने और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में वृक्षों का अहम योगदान है। यह जैव विविधता के संरक्षण में भी सहायक होता है। कार्यक्रम में 195 बटालियन के जवानों और अधिकारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। सभी ने वृक्षों की देखभाल करने की जिम्मेदारी ली, जिससे कि यह अभियान लंबी अवधि तक सफल रहे और सभी को इसका लाभ मिले। इस मौके पर कमांडेंट राजीव कुमार के साथ द्वितीय कमान अधिकारी विक्रांत वर्मा, एडज्यूटेंट राजकुमार, संजीव कुमार, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. वागीस त्रिपाठी और अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। यह पहल पर्यावरण की बेहतरी के लिए एक प्रेरणास्त्रोत साबित होगी और यह हमें यह याद दिलाती है कि पर्यावरण का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।

## कावंड़ियों का दल निकला बाबा बैजनाथ धाम के लिए...

**दरभा।** शुक्रवार को दरभा ब्लॉक के मावलीपदर, केशापुर, चिंगपाल एवं विभिन्न क्षेत्र से सावन मास में कांवरियों का दल झारखण्ड बाबा बैजनाथ में जलाभिषेक करने जा रहे हैं। शुक्रवार को भोले भंडारी बोल बम कांवरिया दल नेगानार से रवाना हुआ। यह दल सुल्तानगंज से उत्तरवाहिनी का गंगाजल कांवरिया में लेकर पदयात्रा कर बाबा बैजनाथ में जलाभिषेक करेंगे। भोले भंडारी दल सन 2010 में इस यात्रा की शुरुआत की थी। बलराम नाग, सम्पत बघेल, लतू राम नाग, पूरन जायसवाल, साहिल जायसवाल, मुरली बघेल, बेलकु बघेल, सहित अन्य रवाना हुए।



# देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी युवा पीढ़ी के कंधों पर है : विधायक

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह एवं करियर गाइडेंस सत्र का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम





अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन एजुकेशन सिटी जावांगा के आडिटोरियम में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा का सम्मान करना तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी युवा पीढ़ी के कंधों पर है।

■ अटामी, सुराना और देवांगन ने छात्रों को दिया प्रेरक संदेश

विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति का भाव और कुछ कर गुजरने की ललक होनी चाहिए। शिक्षा केवल डिग्री नहीं, चरित्र निर्माण का साधन भी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहने और समाज में सकारात्मक योगदान देने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित मुख्य वक्ता परवीन सुराना, जो नवचैतन्य संस्था के संस्थापक हैं, ने छात्रों को करियर संबंधी उचित मार्गदर्शन देते हुए कहा आज के दौर में छात्रों को केवल पारंपरिक रास्तों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। उन्हें अपने रुचि, योग्यता और समय की मांग के अनुसार निर्णय लेना चाहिए। अवसरों की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है जागरूकता और सही दिशा में चलने की। जिला संयोजक मनीष देवांगन ने स्वामी विवेकानंद के कार्यों और आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विवेकानंद के विचार आज भी प्रत्येक युवा के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने हमेशा आत्मबल, आत्मविश्वास और राष्ट्र सेवा को प्राथमिकता दी। आज हमें उन्हीं आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में जिले भर से आए छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। साथ ही करियर विकल्पों की जानकारी देने हेतु विशेषज्ञों ने विभिन्न क्षेत्रों पर खुलकर चर्चा की। इस अवसर पर शिक्षकों अभिभावकों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन बेहद सुसंगठित एवं अनुशासित रूप में हुआ।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इस आयोजन के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि यह सामाजिक उत्तरदायित्व, राष्ट्रप्रेम और व्यक्तिगत विकास का माध्यम है।

# नगर पंचायत टीम का लोगों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम



नगर पंचायत की कार्यशैली से प्रभावित होकर ऑफिस पहुंचकर वार्ड क्रमांक 3 के निवासियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना व उनकी टीम का सम्मान किया।

■ नगर पंचायत गीदम के अध्यक्ष व उनकी टीम का वार्ड क्रमांक 3 के निवासियों ने किया सम्मान

गौरतलब है कि नगर पंचायत में हमेशा लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचते हैं लेकिन ऐसा पहली बार हुआ है कि नगर पंचायत गीदम में वार्डवासी नगर पंचायत टीम का सम्मान करने पहुंचे। इस पर नगर पंचायत गीदम अध्यक्ष रजनीश सुराना ने सभी लोगों का दिल से आभार व्यक्त किया और कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरना भाजपा सरकार और उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पार्षदगण, अधिकारी और कर्मचारी सभी के साथ और समन्वय से जनता के बीच सकारात्मक विश्वास बनाने में सफल हो रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा कि नगरवासियों के साथ से ही उनका हौसला बढ़ता है और वे अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए दिन-रात एक करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का तत्काल हल नहीं हो पाएगा, लेकिन जनता का साथ मिलता रहे तो वे अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत के सभी पार्षद और नगर पंचायत के सभी कर्मी सकारात्मक सोच और जनता की हित के लिए काम करने वाले हैं और उन सभी के सहयोग से हम जनता के लिए काम करते रहेंगे।

जनता से मिले सम्मान से सभी का हौसला और कार्य करने के प्रति उत्साह बढ़ता है।

**नगर पंचायत की कार्यशैली**

नगर पंचायत गीदम की कार्यशैली से प्रभावित होकर वार्ड क्रमांक 03 के निवासियों ने सम्मान दिया, जो नगर पंचायत के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे नगर पंचायत को और भी बेहतर काम करने के लिए प्रेरणा मिलेगी।

# बाजार में खुड़खुड़ी खिलाते आरोपी गिरफ्तार

**1750 नगद रूपये जप्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर



पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिंन्हा के द्वारा जुआ, सट्टा व खुड़खड़ी को प्रतिबंधित करने के लिए कड़े निर्देश दिए गए है। 23 जुलाई को थाना बस्तर से टीम बनाकर ग्राम रेटावंड साप्ताहिक बाजार रवाना हुए पहुंचकर घेराबंदी किया जो पुलिस पार्टी को देखकर भाग गये जिसमें से एक व्यक्ति को पकड़ा गया।

जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम मोहन बघेल पिता सोनधर बघेल उम्र 26 वर्ष जाति निवासी एरो कोर्ट का रहने वाला बताया।जिसके कब्जे से खुड़खड़ी खेलाने की सामग्री एवं नगदी रकम 1750 रुपए जप्तकर आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई किया गया। थाना बस्तर के अधिकारी कर्मचारी निरीक्षक सुरेश कुमार जांगड़े, एएसआई चतुर राम बघेल, प्रधान आरक्षक ओंकारनाथ पात्र, सुरेश बघेल, निरंजन वैध का विशेष योगदान रहा।

### जन शिक्षण संस्थान ने किया युवा कौशल दिवस एवं स्वच्छता कार्यक्रम

दंतेवाड़ा। कौशल विकास एवीएन उद्यमिता मंत्रालय विभाग भारत सरकार द्वारा 14 जुलाई से 31 जुलाई तक कौशल युवा दिवस चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सियानार सब सेंटर में पंचायत प्रांगण में स्वच्छता कार्यक्रम स्वच्छता प्रतिज्ञा के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रम जैसे महिलाओं द्वारा अपने कौशल का प्रदर्शन किया अलग-अलग प्रकार के डिजाइन के फ्रॉक निर्माण, दुल्हन सजाओ, प्रतियोगिता, रंगोली, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान जन शिक्षण संस्थान की निदेशक कामिनी पटनायक, कुमारी तुलावती नाग रवींद्र भूपेंडी, सियाना पंचायत की सरपंच शर्मिला भास्कर, कमलेश गोटामे, प्रशिक्षक कांति गोटामें, गोदावरी देहरी कार्यक्रम में अपना विशेष योगदान दिया।

# हरेली में किसानों ने चढ़ाया चावल का चीला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम



बस्तर अंचल कृषि प्रधान इलाका है। जहां किसान हरेली पर्व को परंपरागत ढंग से मना रहे हैं। सुबह अपने मवेशियों को जंगली जड़ीबूटी की औषधि खिलाने के बाद कृषि औजार की सफाई कर पूजा अर्चना की। पूजा अर्चना में चांवल के चीले चढ़ाये गये।

कृषि विज्ञान केन्द्र दंतेवाड़ा में वैज्ञानिकों और स्टाफ के सदस्यों ने हरेली पर्व के अवसर पर पूजा अर्चना कर खेती में विपुल उत्पादन की कामना की। हरेली त्योहार हरियाली के संदेश देने के लिए मनाया जाता है। किसान अपने खेतों में किसानी कार्य पूरा करने के बाद औजारों को साफ सफाई कर इस दिन पूजा अर्चना कर कामना करते हैं कि खेतों में फसल का अच्छा उत्पादन हो। दंतेवाड़ा अंचल में हर साल की तरह इस साल भी परंपरागत ढंग से मनाया जा रहा है।

किसानों के घरों में हर, गैती, कुदाली, रापा जैसे कृषि औजार की पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना में चांवल का चीला के साथ अन्य पकवान बनाकर चढ़ाया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र दंतेवाड़ा में हरेली पर्व को लेकर उत्साह रहा। केन्द्र के प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक ओम प्रकाश एवं वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण निषाद, कार्यक्रम सहायक सुरेन्द्र पोडयाम , सुश्री जी. परमेश्वरी, राजकुमार, अमित बघेल, खिलेश ने औचारों की पूजा की तथा जिले के कृषिकों के अच्छे स्वास्थ्य के साथ साथ खेती में विपुल उत्पादन की कामना की।

### मोबाईल युग में गेड़ी की परंपरा विलुप्त हो रही

हरेली पर्व में बच्चे, युवा लकड़ी से बने गेड़ी चढ़ते थे। लेकिन अब गेड़ी की परंपरा गांवों में भी विलुप्त होने लगी है। छोटे-बड़े सभी बच्चे गेड़ी जैसे परंपराओं से दूर होकर मोबाईल में व्यस्त हैं। हरेली के दिन एक दो स्थानों को छोड़कर कहीं भी गेड़ी के प्रति बच्चों में उत्साह देखने को नहीं मिला। कई बच्चे अभी भी गेड़ी के बारे में नहीं जानते। जबकि हरेली और गेड़ी के बीच अटूट संबंध है। हरेली के दिन ही गेड़ी बनाया जाता है। जिसे माह भर चढ़ कर खेलते रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### वीडियो हुआ वायरल, सब इंजीनियर हुआ निलंबित

**कांकेर।** जनपद पंचायत दुर्गूकोन्दल में पदस्थ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के उपअभियंता बुधवाल वासनिक को मावा मोदोल लाईब्रेरी भवन मरम्मत कार्य के संबंध में ठेकेदार से पैसे के लेनदेन का वीडियो 24 जुलाई को वायरल होने की दशा में तत्काल प्रभाव से कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर के निर्देश से जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने निलंबित कर जिला पंचायत कार्यालय कांकेर में संलग्न किया गया है। जानकारों की मानें तो वायरल वीडियो दो माह पुराना है, जिसमें सब इंजीनियर ने ठेकेदार को 10 हजार रूपएं वापिस कर रहा है।

### जिपं की सामान्य सभा व समिति की बैठक 30 को

**कांकेर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 30 जुलाई को आहूत की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी ने बताया कि पदेन सभापति सामान्य प्रशासन समिति की अध्यक्ष किरण नरेटी की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को उक्त बैठक में निर्धारित एजेण्डा की जानकारी के साथ उपस्थित होने के लिए कहा है।

### महतारी वंदन योजना से लाभान्वितमहिलाओं ने किया पौधारोपण

**कांकेर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के तहत कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन महतारी वंदन योजना से लाभान्वित तथा गर्भवती महिलाओं के घरों में पौधरोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में महिला एवं बाल विकास कार्यालय के जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में गत दिवस ग्राम पंचायत नारा एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के परिसर, गर्भवती महिलाओं, महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं के घरों में भी फलदार व अन्य पौधों का रोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नारा की जनप्रतिनिधिगण, स्कूल के समस्त स्टॉफ, छात्र छात्राएँ एवं स्थानीय ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

### कलाकारों ने गीतों से श्रोताओं को बांधे रखा

**जगदलपुर।** गुरुवार को शहर के गोंडवाना भवन में गुंजन संगीत संस्था द्वारा सावन उत्सव का आयोजन हुआ जिसमें संस्था के गायक कलाकारों ने अपनी संगीतमय प्रस्तुतियां दी।

अभियान : एक पेड़ मां के नाम पर विद्यालय परिसर में विधायक एवं अन्य ने किया पौधारोपण

# तालाबेड़ा वन महोत्सव में विधायक विक्रम ने हितग्राहियों को चरणपादुकाएं बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़





विकासखंड अंतागढ़ के तालाबेड़ा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में वन महोत्सव वृक्षारोपण तथा चरण पादुका वितरण कार्यक्रम में विधायक विक्रम उसेंडी ने तेंदूपत्ता हितग्राहियों को चरण पादुका सौंपी एवं परिसर में पौधारोपण किया। विधायक विक्रम उसेंडी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सबसे पहले एक पेड़ मां के नाम 2.0 अंतर्गत रोपित गए पौधों को जीवित रखने का शपथ दिलाया। पौधारोपण का महत्व बताया, साथ ही वर्तमान समय मे बढ़ रहे ग्लोबल वर्ममिंग के बारे मे बताते हुए पर्यावरण से जुड़ने एवं पौधों के महत्व के बारे मे बताया। पूर्व वनमंडल के वनमंडलाधिकारी दुलेश्वर प्रसाद साहू ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण की उपयोगिता को समझाया। शिक्षक अनूप श्रीवास्तव ने बताया वन विभाग द्वारा इस कार्यक्रम को किया जा रहा है जिसमें पालकों और बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जनपद सदस्य ज्योति उईके ने बताया कि पेड़ों का संरक्षण क्यों जरूरी है। छात्रों ने बताया कि वृक्ष हमें छांव, फल ऑक्सीजन और अन्य सुविधाएं देता है। पौधारोपण कार्यक्रम के बाद विधायक एवं अन्य अतिथियों जनपद अध्यक्ष मनोरमा मंडावी, उपाध्यक्ष कुबल भूसाखरे, दन्तेश्वरी वट्टी, राधेलाल नाग, अमल सिंह नरवास, महेश उइके, शीतल नवगो, वासुदेव आंधिया, केतन बघेल, देवलाल दुग्गा, समधर गावड़े तेंदूपत्ता संग्राहकों महिलाओं को चरण पादुका वितरण किया गया। महिलाएं चरण पादुका पाकर खुश नजर आई। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के सभी वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ता सहित वन विभाग के अंतागढ़ रेंजर बीरेंद्र यादव, आमाबेड़ा रेंजर चरण सिंह ठाकुर के अलावा सभी कर्मचारी, स्कूली बच्चे, शिक्षक, शिक्षिका एवं आसपास गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रेडक्रॉस और स्काउट-गाइड की तरान्दुल इकाई ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपण




एक पेड़ मां के नाम पर जामुन कटहल, बादाम, नीम, आंवला के पौधे रोपे

**कांकेर।** वनांचल पहाड़ी पर स्थित शाउमावि तरान्दुल में जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित एक पेड़ मां के नाम वृहद वृक्षारोपण तहत ग्राम पंचायत तरान्दुल, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, रेडक्रॉस, इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में पौधारोपण किया गया। वन विभाग कोरर से प्राप्त पौधा, जिसमें जामुन कटहल, बादाम, नीम, आंवला, आम, पपीता, गुलमोहर व काजु के पौधे को शाला परिसर में लगाए गए। गांव की प्रथम नागरिक ग्राम सरपंच संगीता गोटा, उप सरपंच एवं सभापति शिक्षा समिति रामेश्वरम कोर्राम की उपस्थिति में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम से पौधारोपण किया गया। सरपंच संगीता गोटा ने सभी बच्चों को आव्हान किया कि एक-एक पौधा सभी अपने घर आंगन बाड़ी, सड़क जहां पर भी जगह हो अनिवार्य रूप से अपनी मां के नाम पौधा रोपण कर उसका सुरक्षा देखभाल करने की जिम्मेदारी भी उठाना है। यह अभियान प्रत्येक नागरिक को एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करता है तथा इसे एक गहरी व्यक्तिगत भावना से जोड़कर जलवायु कार्रवाई में व्यक्तिगत और सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करता है। उप सरपंच कोर्राम ने कहा कि इसका उद्देश्य माताओं के नाम पर वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करके उन्हें सम्मानित करना तथा पर्यावरण संरक्षण को मातृत्व के प्रति श्रद्धांजलि के साथ जोड़ना, जो यह दर्शाता है कि माताएँ भी पेड़ों की भाँति जीवन का पोषण और संरक्षण करती हैं। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य चन्द्रकान्त साहू, देवनाथ कोरेटी, प्रदीप सेन, प्रवीण कोर्राम, राजेंद्र रावटे, कुसुमलता रंगारे, विष्णु झुर्री, एवन देवांगन, येनेन्द्र कोमार्य, ठाकुर राम कुल्हारे, देवलाल मानकर, नासिर मोहम्मद, चन्द्रकान्त हिरवानी, मोहन लाल नाग, डिकेश साहू, आधार सिंह दुग्गा, भरत शर्मा, डिकेश नाग अन्य स्टाफ व स्काउट गाइड रोवर रेंजर जूनियर रेडक्रास इको क्लब व संस्था के अन्य बच्चे उपस्थित रहे।

## प्रयास आवासीय विद्यालय की प्रवेश काउंसिलिंग अगस्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र-2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए, विद्यार्थियों की वर्गवार मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। आदिवासी विकास विभाग कार्यालय के अनुसार द्वितीय प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थी 28 अगस्त प्रातः 10 से सायं 05 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में अनिवार्य दस्तावेज के साथ उपस्थित होने कहा गया है। काउंसिलिंग के दौरान विद्यार्थियों को सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आना अनिवार्य है। विद्यार्थी का प्रवेश पत्र, सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी निवास एवं स्थायी जाति प्रमाण पत्र, वर्ष 2024-25 में कक्षा 8वीं प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है तो, इस आशय का संबधित क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण या शाला छोड़ने का प्रमाण पत्र, विद्यार्थी का मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र, सिकल से जांच प्रमाण पत्र के साथ 02 रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो। आवश्यक निर्देश-मेरिट सूची में दर्शित विद्यार्थी के साथ एक अभिभावक, पालक को काउंसिलिंग स्थल में प्रवेश की पात्रता होगी। निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति में रिक्त सीट के आधार पर संस्था आबंटित की जाएगी।

## यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को दी जाएगी प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में सफलता के लिए प्रोत्साहन योजना अंतर्गत आदिवासी विकास विभाग द्वारा प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर 01 लाख रूपए प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है।

आदिवासी विकास विभाग कार्यालय के अनुसार पात्र अभ्यर्थियों से 12 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्रता की शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप विभाग की वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लॉक-डी, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में अंतिम तारीख तक जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा आवेदन पत्र समय-सीमा में रजिस्टर्ड डाक से भी उल्लेखित पते पर भेजा जा सकता है। उक्त प्रोत्साहन योजनांतर्गत अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है तथा छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा अधिसूचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग का स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए। यह भी बताया गया कि अभ्यर्थी एवं अभ्यर्थी के पालक की समस्त स्त्रोतों से आय, आयकर की श्रेणी में नहीं आता है और आयकरदाता नहीं होने का 50 रूपए के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र, स्थायी आय प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थी द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में सफल होने का प्रमाण-पत्र या अधिकृत दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थी केन्द्र अथवा राज्य शासन की योजना अंतर्गत निःशुल्क रहवासी प्रशिक्षण न लिया हो। पूर्व में अभ्यर्थी द्वारा प्रारंभिक परीक्षा में सफल होकर इस योजनांतर्गत प्रोत्साहन राशि प्राप्त की गई हो, तो वह पात्र नहीं होगा। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास से कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं।

## एचटी की चपेट में आने से एक युवक की मौत, दूसरा घायल



**अंतागढ़।** हाई टेंशन तार की चपेट मे आने से एक युवक की मौत हो गई व वही दूसरा युवक घायल है जिसे तुरंत अंतागढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य लाया गया जहां घायल युवक का इलाज चल रहा है। करंट लगने की खबर जब क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी को लगी तो वह अस्पताल पहुंच घायल का हालचाल जाना और हर संभव मदद करने की बात कही। अंतागढ़ से करीब 10 किमी दूर ग्राम इर्राबोड़ी में बजूनाथ दर्रो के यहां पीएम आवास का ढलाई करने गए ग्राम बर्रेबेड़ा के दो युवक कृसान पिता श्याम उम्र 23 वर्ष व मनबोध भुवार्य पिता सोनुराम उम्र 32 वर्ष जो कि मान का ढलाई करते समय बगल से बिजली की हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया। जहां मनवोध करेंट से चिपक गया और झटका लगने से वह दूर जा गिरा वह दूसरा कृशान बगल में पाटा चला रहा था वो भी करंट की चपेट में गया, जिससे घटना स्थल में ही उसकी मौत हो गई। घायल युवक को अंतागढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उसका इलाज किया जा रहा है। कार्यक्रम से वापिस आ रहे क्षेत्रीय विधायक विक्रम उसेंडी को इस दुखद घटना के बारे में पता चला तो वह कार्यक्रम से सीधा अंतागढ़ अस्पताल पहुंचे और बीएमओ डॉ भेषज रामटेके से बात की तथा परिजनों से भी मुलाकात कर हर संभव मदद करने की बात कही। क्षेत्रीय विधायक के साथ भाजपा के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## केंद्रीय राज्य मंत्री चंद्रशेखर का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



केंद्रीय संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री भारत सरकार डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर का अल्प प्रवास भानुप्रतापपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर द्वारा पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया गया।

केंद्रीय संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री के अल्प प्रवास दौरान रायपुर से भानुप्रतापपुर तक की सड़क मार्ग की स्थिति पर चर्चा किया। उन्होंने कांकेर जिले के अंतर्गत कुछ स्थानों पर सड़क की खराब हालत पर चिंता जताई तथा संबंधित अधिकारियों से जवाब-तलब किया। संचार विभाग के राज्य मंत्री होने के नाते उन्होंने बीएसएनएल सहित अन्य मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों जैसे जिओ, एयरटेल और आइडिया की नेटवर्क स्थिति, टावरों की उपलब्धता आदि विषयों पर भी अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा किया। बीएसएनएल की सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास जारी रहने की बात भी उन्होंने कही। मंत्री ने अपने संक्षिप्त प्रवास के दौरान बस्तर एवं छत्तीसगढ़ के सामाजिक एवं राजनीतिक अनुभव साझा किए और बताया कि वे आगे नारायणपुर जिला एवं नवगठित मोहल्ला-मानपुर जिले का भी दौरा करेंगे। इस दौरान प्रशासन की ओर से कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम वाहिले, पीडब्ल्यूडी एसडीओ गणवीर तथा थाना प्रभारी देशमुख, नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राजा पाण्डेय, राजीव श्रीवास तथा गिरधारी नरेटी, सरिता जोशी, जीवरखान सलाम, नरोत्तम चौहान, ज्वाला जैन, संकेत नसीने, सचिन दुबे, संगीता टांडिया एवं उपस्थित रहे।

## बकरी ले जाने की बात पर मारपीट तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**कांकेर।** बकरी को अपने खेत तरफ से लाने के लिए मना करने पर विवाद हो गया और विवाद धीरे धीरे मारपीट मे बदल गया। मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया। नरहरपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे आंखीहर्रा निवासी 56 वर्षीय प्रभुलाल यादव पिता पूरन सिंह यादव ने पुलिस को बताया कि 24 जुलाई को शाम करीबन 5 बजे बकरी चराकर वापिस घर आ रहा था, तभी प्रमेन्द्र मंडावी ने मेरे खेत तरफ से बकरी को लाते हो कहकर गाली दिया। उसी समय मेरी लड़की लिलेश्वरी यादव मेरे पापा को क्यों गाली दे रही हो, इस पर प्रमेन्द्र मंडावी मुझे एवं मेरे लड़की को मारने पीटने के लिए पकड़ लिया। यह देखकर फुलसिंग नेताम बीच बचाव करने आया और बिंदिया कोड़ोपी बोली कि हमारे घर के पास लड़ाई झगड़ा मत करो कहने पर अजय नेताम, फुलसिंग नेताम और प्रमेन्द मंडावी तीनों मिलकर बिंदिया कोड़ोपी और उसकी मां आसबत्ती कोड़ोपी को हाथ थप्पड से एवं डंडे से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट करने से आसबत्ती के दोनो हाथ एवं गाल में चोट आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी फुलसिंग नेताम, प्रमेन्द्र मंडावी और अजय नेताम के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## राज्य वेटलिफ्टिंग स्पर्धा के लिए जिले के 7 खिलाड़ियों का चयन



**सरोना।** सत्र 2025-26 में संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता प्रारंभ हो चुकी है। बस्तर संभाग द्वारा आयोजित वेटलिफ्टिंग खेल कोंडागांव जिला में आयोजित हुआ, जिसमें संभाग के सभी जिलों से लगभग 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। कांकेर जिले से 15 खिलाड़ियों ने इस शालेय खेल में भाग लिया था, जिसमें से 6 बालिकाओं तथा 1 बालक का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। जानकारी के अनुसार अंडर 17 वर्ष बालिका वर्ग में 48 किग्रा में अंकिता विश्वकर्मा, 63 किग्रा में बरखा चक्रधारी, 69 किग्रा में ज्योति नेताम और यू 19 वर्ष बालिका वर्ग में 48 किग्रा में शांता यादव, 58 किग्रा में चंचल नेताम, 77 किग्रा में वंदना भास्कर का चयन हुआ, वहीं बालक वर्ग में यू 19 वर्ष में 48 किग्रा में राहुल कुमार देवांगन इन सभी खिलाड़ियों ने आईडब्लूएफ के बताया नए वजन वर्ग के अनुसार इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में चयनित सभी छात्राएं जिले के नरहरपुर विकासखंड के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर की छात्राएं हैं। शाला के प्राचार्य रामप्रसाद नेताम सहित समस्त शिक्षकों ने कोच माधुरी साहू एवं सभी छात्राएं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिले के खेल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी और व्यायाम शिक्षकों ने सभी खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## प्री मेडिकल एवं प्री इंजीनियरिंग की कोचिंग के लिए 11 अगस्त तक मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राज्य के

- **70 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण विद्यार्थी को मिलेगी प्राथमिकता**

अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति प्री-मेडिकल एवं प्री-इंजीनियरिंग परीक्षा कोचिंग योजना के तहत वर्ष 2025-26 में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों से 11 अगस्त तक आवेदन करने का मौका है। ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थी जो कक्षा 12 वीं में गणित अथवा जीव विज्ञान विषय के साथ कम से कम 70 प्रतिशत अंक या समतुल्य ग्रेड के साथ स्थाई जाति प्रमाण पत्र धारक हो। उन्हें निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ प्री-इंजीनियरिंग एवं प्री-मेडिकल की एक वर्षीय कोचिंग सुविधा प्रदान किये जाने लिए अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि इस योजनांतर्गत 100 सीटें अनुसूचित जनजाति के 64, अनुसूचित जाति के लिए 36 निर्धारित हैं। अभ्यर्थी को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है तथा भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित आय की सीमा 04 लाख रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस संबंध में लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया

आय प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा, साथ ही स्वघोषणा प्रमाण पत्र 10 रूपए के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों का चयन, प्राक्चयन परीक्षा में प्राप्त मेरिट अंकों के आधार पर किया जायेगा। चयनित कोचिंग संस्था से संबंधित जिले में कोचिंग कार्य संपन्न कराया जाएगा। कोचिंग की अवधि विद्यार्थियों द्वारा चयनित कोचिंग संस्था में प्रवेश से लेकर प्री.इंजीनियरिंग एवं प्री.मेडिकल प्रवेश परीक्षा वर्ष 2026 होने तक निर्धारित होगी। आवेदन पत्र संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट में प्राप्त कर सकते हैं। कोचिंग के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 11 अगस्त सायं 04 तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कांकेर में निर्धारित किया गया है। निर्धारित अवधि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# वार्ड क्रमांक 10 में मनाया हरेली पर्व विविध कार्यक्रमों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर



प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर नरहरपुर के वार्ड क्रमांक 10 में हरेली पर्व का आयोजन किया गया। हरेली पर्व पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रस्सी खींच, कुर्सी दौड़, मटका फोड़ जैसे कार्यक्रमों का आनंद बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने लिया। तत्पश्चात विजेता प्रतिभागियों को सम्मान स्वरूप उपहार भेंट किया गया एवं विजेता प्रतिभागियों में मटका फोड़ में प्रथम संतोषी दुर्गा व द्वितीय एल्विना कोशियारी को दिया गया। आयोजित कार्यक्रम में पार्षद मुकेश संचेती ने उपस्थित मातृशक्तियों को कहा कि छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति में पहले त्योहार के रूप में हरेली पर्व के साथ शुरुआत होती है। जहां छत्तीसगढ़ की जीवनशैली, मेहनतकश किसानों की आस्था और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है यह हमारी धरती, परिश्रम और परंपरा के प्रति सम्मान का प्रतीक है वही यह पर्व हमारे किसानों की आस्था और प्रकृति के साथ उनके गहरे संबंध को दर्शाता है। हरेली पर्व पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ में प्रथम संतोषी दुर्गा, द्वितीय कुसुम चंद्रवंशी एवं बच्चों के कुर्सी दौड़ में प्रथम हनी सिंह, द्वितीय दक्षिता मिश्रा व तृतीय योगांश सिन्हा। महिलाओं का रस्सा खींच प्रतियोगिता में प्रथम भूमिका साहू एवं ग्रुप, नारियल फेंक प्रतियोगिता में लोकेश्वरी, द्वितीय भूमिका साहू व तृतीय मोतीन नेताम, चम्मच गोली में प्रथम मोतीन नेताम, द्वितीय सविता विश्वकर्मा व तृतीय कमलेश्वरी साहू, बच्चों के चम्मच गोली में प्रथम तनिष्का मंडावी, द्वितीय हनी सिन्हा व तृतीय खुशी सिन्हा, आलू दौड़ में प्रथम योगिता साहू, द्वितीय मोतिन नेताम एवं बच्चों के आलूदौड में प्रथम हनी सिन्हा व द्वितीय गुंजन, गुब्बारा फुलाओं प्रतियोगिता में प्रथम अंकिता ठाकुर, द्वितीय मोतिन नेताम रहे। आयोजन में अल्का शर्मा, आशा रावटे, रामेश्वरी जैन, मनोरमा साहू, गोनांक्षी साहू, मिना सिन्हा, चन्द्रहास सिन्हा, नितेश मगेद्र व धनीराम सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

